MODEL EXAMINATION PAPER 2020-21

CLASS- 12TH

SUBJECT- BIOLOGY

TIME- 3Hours Total Marks -7O

निर्देश- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|

2. प्रश्न पत्र में 2 खंड दिए गए हैं | खंड "अ " और खंड "ब" |

3. खंड "अ" में प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं |

4. खंड "ब" में प्रश्न क्रमांक 5 से 22 तक आंतरिक विकल्प दिए गए है |

5. प्रश्न क्रमांक 5 से 14 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है | प्रत्येक प्रश्न की शब्द सीमा 50 शब्द है| प्रत्येक प्रश्न पर दो अंक आवंटित है |

6. प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है जिनकी शब्द सीमा 75 शब्द है प्रत्येक प्रश्न पर तीन अंक आवंटित है |

7. प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है | जिनकी शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित है |

8. आवश्यकता अनुसार स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए |

# खंड "अ "

QUESTION 1. दिए गए विकल्प मे से सही विकल्प का चयन कीजिए | [ 5 ]

I. मनुष्य में निषेचन कहां पर होता है?

A. गर्भाशय में B.योनि में

C.फेलोपियन नलिका में D.अंडाशय में

II. पूर्ण सहलग्नता पाई जाती है?

A. नर ड्रोसॉफिला में　　B. मादा ड्रोसोफिला में

C. चिड़ियों में　　D. मक्का में

III. विडाल परीक्षण निम्न के निदान हेतु किया जाता है -

A. मलेरिया　　B. निमोनिया

C. तपेदिक　　D.टाइफाइड

IV. निम्न में से कौन सा जीव जैव उर्वरक का कार्य करता है?

A.स्पाइरोगाइरा　　B. ई. कोलाई

C. अजोल　　D. केसिया

V. PCR में प्रयुक्त होने वाला एंजाइम है-

A. Taq पॉलीमरेज　　B. RNA पॉलीमरेज

C. राइबोन्यूक्लीएज　　D. एंडोन्यूक्लीऐज

Question 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए [ 5 ]

I. परागकोष का वर्तिकाग्र से पहले परिपक्व होना --------- कहलाता है|
II. मनुष्य में लिंग निर्धारण----- गुणसूत्र द्वारा होता है |
III. T- लिंफोसाइट्स का परिपक्वन -------- में होता है |
IV. IV. मानव इंसुलिन को ------ कहते हैं |
V. V. राइजोफोरा एक -------- पौधा है |

Question 3. एक शब्द मे उत्तर दीजिये - [ 5 ]

I. ZIFT का पूरा नाम लिखिए |
II. अपूर्ण सहलग्नता किस जीव में दिखाई देता है?
III. एक महत्वपूर्ण जैव कीटनाशक का नाम बताइए|
IV. मृदा जीवाणु बेसिलस थुरीएन्जिसिस द्वारा उत्पन्न प्रोटीन का नाम बताइए |
V. हॉटस्पॉट की संकल्पना किस वैज्ञानिक ने प्रस्तुत की|

Question 4. सही जोड़ी बनाइए [ 5 ]

| A | B |
|---|---|
| I. कार्पस लुटियम - | मीथेन |
| II.. 44 + XXY - | टर्नर सिंड्रोम |
| III.. 44 + X - | क्लीन फेल्टर सिंड्रोम |
| IV. बायोगैस - | विषाणु प्रतिरोधी पदार्थ |
| V. इंटरफेरॉन - | प्रोजेस्ट्रोन |

## खंड "ब"

Question 5. अंडाणु जनन तथा शुक्राणु जनन में अंतर लिखिए [ 2 ]

Or

नर युग्मक तथा मादा युग्मक में अंतर लिखिए |

Question 6. लक्षण प्रारूप एवं जीन प्रारूप में अंतर लिखिए | [ 2 ]

Or

समयुग्मजी एवं विषमयुग्मजी में अंतर लिखिए |

Question 7. सहलग्नता किसे कहते हैं? इसके प्रकार लिखिए | [ 2 ]

Or

टेस्ट क्रॉस क्या है? समझाइए|

Question 8. जेनेटिक कोड क्या है? इसके 2 लक्षण लिखिए [ 2 ]

Or

न्यूक्लियोटाइड क्या है?

Question 9. चारगाफ  का नियम क्या है? [ 2 ]

Or

ओकाजकी खंड से आप क्या समझते हो?

Question 10. माता का दूध नवजात शिशु के लिए क्यों सर्वाधिक उपयुक्त भोजन है| [ 2 ]

Or

शरीर की दो प्रतिरक्षी कोशिकाओं के नाम लिखिए|

Question 11. जन्मजात प्रतिरोधकता तथा अर्जित प्रतिरोधकता में अंतर लिखिए | [ 2 ]

Or

वैक्सीन क्या है उदाहरण दीजिए |

Question 12. .BOD क्या है? [ 2 ]

Or

एकल कोशिका प्रोटीन से क्या तात्पर्य है|

Question 13.प्रोब क्या है? [ 2 ]

Or

प्लाज्मिड  क्या होते हैं?

Question 14. सहोपकारिता क्या है? उदाहरण दीजिए | [ 2 ]

Or

छलावरण किसे कहते हैं? समझाइए

Question 15. परिवार नियोजन क्या है? [ 3 ]

Or

विपुंसन से क्या तात्पर्य है?

Question 16. एंटीबॉडी क्या है? इसके विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए | [ 2 ]

Or

जैविक पीड़कनाशी क्या है? इसके लाभ लिखिए |

Question 17.पॉलीमरेज श्रंखला अभिक्रिया तथा जीन क्लोनिंग में अंतर लिखिए| [ 2 ]

Or

एक अच्छे वेक्टर की विशेषताएं लिखिए |

Question 18.जीन थेरेपी क्या है? समझाइए| [ 2 ]

Or

पारजिनी जीवों पर संक्षिप्त टिप्पणी |

Question 19. जैव विविधता क्या है? इसके प्रकारों को समझाइए | [ 2 ]

Or

रेड डाटा बुक क्या है? इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी|

Question 20. बीजांड की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए |[ 5 ]

Or

वृषण की अनुप्रस्थ काट का नामांकित चित्र बनाइए |

Question 21. डीएनए प्रतिकृति क्या है? अर्ध संरक्षी विधि के द्वारा समझाएं |[ 5 ]

Or

जीन विनिमय क्या है? इसकी क्रिया विधि को समझाइए |

Question 22. जनसंख्या किसे कहते हैं? इसके किन्हीं 4 लक्षणों को समझाइए |[ 5 ]

Or

राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारण में अंतर लिखिए |